# इतना सजो ना मेरे सेठ सांवरे कही नजर ना कोई लग जाए

इतना सजो ना मेरे सेठ सांवरे,
कही नजर ना कोई लग जाए,
इस लिए ज्यादा देर रुकता नहीं,
कही नजर ना मेरी लग जाए,
इतना सजो ना मेरे सेठ साँवरे,
कही नजर ना कोई लग जाए।bd।

---

सांवला सा चेहरा तिलक पीला पीला है,
माथे पे मुकट बाबा श्याम के रंगीला है,
इत्तर की खुशबु से मन खिलता,
जब दर्शन कोई पाए जाए,
इतना सजो ना मेरे सेठ साँवरे,
कही नजर ना कोई लग जाए।bd।

---

दो दो बार ठाठ से ये भोग लगाता है,
पांच पांच बार बाबा आरती कराता है,
आठ आठ घंटे भगत खड़े ते,
बस इक झलक मिल जाए,
इतना सजो ना मेरे सेठ साँवरे,
कही नजर ना कोई लग जाए।bd।

---

भजनों का रसिया है भजन सुनाये जा,
भजनों के जरिये तू अर्जी लगाए जा,
कर ले भजन दिल खोल बावरे,
कही वक़्त निकल ना जाए,
इतना सजो ना मेरे सेठ साँवरे,
कही नजर ना कोई लग जाए।bd।

---

इतना सजो ना मेरे सेठ सांवरे,
कही नजर ना कोई लग जाए,
इस लिए ज्यादा देर रुकता नहीं,
कही नजर ना मेरी लग जाए,
इतना सजो ना मेरे सेठ साँवरे,
कही नजर ना कोई लग जाए।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com